भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 09
सोमवार, 22 जुलाई, 2024 ((आषाढ़ 31,1946 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

छत्तीसगढ़ में क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत विमानपत्तनों का उन्नयन

09. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) के तहत कितनी हवाई पट्टियों को उन्नत और विकसति किया जा रहा है;
(ख) उक्त योजना के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है;
(ग) विगत दो वर्षों के दौरान आवंटित और व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(घ) राज्य सरकार द्वारा सार्वजनकि-निजी भागीदारी प्रणाली के अंतर्गत प्रमुख पर्यटक स्थलों पर हेलीकॉप्टर टैक्सियों को किस प्रकार बढ़ावा दिया जा रहा है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

क) भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में विकास और आरसीएस उड़ानों के प्रचालन के लिए अंबिकापुर, बिलासपुर और जगदलपुर की पहचान की गई है।

ख) उड़ान योजना के अंतर्गत इन हवाईअड्डों के लिए आवंटित राशि और विकास पर हुए व्यय का विवरण अनुलग्नक-क पर संलग्न है।

ग) इस योजना के अंतर्गत आवंटित तथा खर्च किए गए व्यय की धनराशि का ब्यौरा अनुलग्न-ख पर संलग्न है।

घ) इससे संबंधित जानकारी मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है।

अनुलग्नक क

क्र. सं.	हवाईअड्डा	आवंटित धनराशि (रुपए) करोड़ में	30.06.2024 तक कुल व्यय (रुपए) करोड़ में

1.	अंबिकापुर	90.00	80.32
2.	बिलासपुर	55.00	55.00
3.	जगदलपुर	70.13	56.32
कुल		**215.13**	**191.64**

अनुलग्नक – ख

पिछले 2 वर्षों में आवंटित एवं व्यय की गई धनराशि:-

क्र. सं.	**राज्य**	**स्वीकृत लागत (रुपए) करोड़ में**	**वित्त वर्ष-वार व्यय (रुपए) करोड़ में**	
			वि.व.: 2022-23	**वि.व.: 2023-24**
1.	अंबिकापुर	90.00	8.84	33.39
2.	बिलासपुर	55.00	9.18	14.65
3.	जगदलपुर	70.13	0.57	0.0
4.	रायगढ़	0.00	0.00	0.00
		215.13	**18.59**	**47.99**

*****